# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 351

दिनांक - 02.02.2020 दिन - रविवार

### बजट- 2020,भाग एक

शनिवार को पेश हुए केंद्रीय बजट में करदाताओं के लिए नई कर दरों का ऐलान किया. नई घटी हुई कर दरों से जहां कई लोग लाभान्वित होंगे, वहीं कुछ लोगों को नुकसान भी हो सकता है.इस बार टैक्स स्लैब में तो बदलाव किया गया है लेकिन इसके साथ ही टैक्स भरते वक्त मिलने वाली कई रियायतों को खत्म कर दिया गया है. यानी अगर आप नए टैक्स स्लैब से आयकर भरते हैं तो आपको कई रियायतें छोड़नी होंगी.अगर आपको टैक्स में मिलने वाले डिडक्शन चाहिए तो फिर आपके पास पुरानी कर दरों से भी आयकर भरने का विकल्प मौजूद होगा. लेकिन ऐसी स्थिति में आपको नई टैक्स दरों का कोई फायदा नहीं होगा और इस नए बजट से आपको कोई राहत नहीं मिल सकेगी.केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि लोगों को पुराने टैक्स स्लैब और नए टैक्स स्लैब दोनों का विकल्प दिया गया है. उन्होंने कहा, टैक्स की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए रियायतें खत्म कर दी गई हैं. तमाम डिडक्शन्स या रियायतों की गणना में आम आदमी समेत प्रशासनिक अधिकारियों को भी माथापच्ची करनी पड़ती थी, लेकिन नए टैक्स स्लैब में टैक्स भरना बेहद आसान होगा.वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ये भी कहा कि आने वाले वक्त में सरकार ऐसी टैक्स व्यवस्था की तरफ बढ़ेगी जिसमें किसी भी तरह की टैक्स रियायतें नहीं होंगी.वर्तमान में सरकार कुल मिलाकर सौ से ज्यादा रियायतें देती हैं. लेकिन नई टैक्स स्लैब का लाभ लेने पर आपको टैक्स में मिलने वाली करीब 70 रियायतों को छोड़ना पड़ेगा. जानकार बता रहे हैं कि नए टैक्स सिस्टम में इनकम टैक्स के सेक्शन 80C, 80D, 24 के तहत मिलने वाले रियायतें खत्म कर दी जाएंगी. परन्तु इससे छोटी-छोटी बचत करने की प्रवृत्ति को भी झटका लगेगा.

मिहिर यादव

# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 352

दिनांक - 03.02.2020 दिन - सोमवार

### बजट भाग दो

इनकम टैक्स की नई दरें इस प्रकार हैं:-
5 लाख से 7.5% लाख तक पर 10%, पहले 20%
7.5 लाख से 10 लाख तक पर 15%, पहले 20%
10 लाख से 12.5 लाख तक 20%, पहले 30%
12.5 लाख से 15 लाख तक 25%, पहले 30%
15 लाख रुपये से ऊपर की टैक्सेबल इनकम पर 30% की दर से टैक्स लगता रहेगा.

वित्त मंत्री नेLIC में सरकारी हिस्सेदारी बेचने का ऐलान किया है. इसके साथ ही सूक्ष्म एवं लुघ उद्योगों की भुगतान में देरी की समस्या और नकदी प्रवाह की समस्या से निपटने के लिये एप आधारित इनवॉयस वित्त पोषण ऋण उत्पाद पेश करने का ऐलान हुआ है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2020-21 के लिए अनुमानित जीडीपी 10 फीसदी आंकी है।

सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको में अराजपत्रित पदों पर भर्ती में महत्वपूर्ण सुधार के लिए राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी की स्थापना करने का प्रस्ताव

इस साल के दौरान सभी मंत्रालय गुणवत्ता मानक आदेश जारी करेंगे. वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि इससे देश में गुणवत्ता वाले सामान की बिक्री को प्रोत्साहन दिया जा सकेगा और घटिया सामान के आयात पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

2022 का जी-20 सम्मेलन भारत में होगा, आयोजन की तैयारी के लिये 100 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है.

वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए लगभग 9500 करोड़ रुपये का आवंटन,
2020-21 के लिए संस्कृति मंत्रालय के लिए 3150 करोड़ रुपये की व्यवस्था,
पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2500 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 353

दिनांक - 04.02.2020 दिन - मंगलवार

### 🎈बजट भाग तीन🎈

🎁बड़े नगरों में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए 4400 करोड़ का आवंटन.

🏦बैंकों में 5 लाख तक जमा पूरी तरह सुरक्षित, पहले 1 लाख थी यह सीमा

📈टैक्स पेयर चार्टर बनाया जाएगा, किसी भी करदाता को बैंक या सरकार परेशान नहीं करेगी.

🏥112 आकांक्षी जिलों में जहां आयुष्मान भारत योजना से जुड़े अस्पताल नहीं हैं, वहां सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत अस्पताल बनाने को प्राथमिकता

🛰ग्राम पंचायतों को हाईस्पीड ब्रॉडबैंड से जोड़ने वाले 'भारतनेट' कार्यक्रम के लिए 2020-21 में 6,000 करोड़ रुपये आवंटित. एक लाख ग्राम पंचायतों को इससे जोड़ा जाएगा.

🚡डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने के लिये जल्द नीति बनायी जाएगी.

👧बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ में बेहतरीन नतीजे देखने को मिले हैं. 6 लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समार्टफोन ➡📱दिए गए हैं. 2020-21 के पोषण संबंधी कार्यक्रमों के लिए 35,600 करोड़ का प्रस्ताव है. महिला विशिष्ट कार्यक्रमों को 28,600 करोड़ रुपए का प्रावधान है.

⚡⚡2020-21 में विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को लगभग 22,000 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव. राष्ट्रीय गैस ग्रिड को मौजुदा 16,200 किमी से बढ़ाकर 27,000 किमी तक पहुंचाने का प्रस्ताव ।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 354

दिनांक - 05.02.2020 दिन - बुधवार

### 🎈बजट भाग चार 🎈

✈️उड़ान योजना को बढ़ावा देने के लिए 100 और हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा. क्वांटम तकनीक एवं एप्लीकेशन पर पांच वर्ष में 8000 करोड़ रुपये व्यय करने का प्रस्ताव.

🌷जल्द जारी होगी राष्ट्रीय लॉजिस्टक नीति, एकल खिड़की ई-लाजिस्टिक बाजार बनाया जाएगा, पीएम किसान के लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ा जाएगा. उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देंगे, प्रोत्साहित करने की व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा: सीतारमण

🎁अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 85 हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है, अनुसूचित जनजाति के लिए 53 हजार 700 करोड़ रुपए का बजट प्रस्ताव

📱मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सेमी कंडक्टर पैकेजिंग के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना. नेशनल इन्फ्रा पाइपलाइन के लिए 1.03 लाख करोड़ रुपये. स्मार्ट मीटरिंग की नई योजना, तीन साल में नए स्मार्ट मीटर. 2024 तक 6,000 किलोमीटर हाईवे बनेंगे

👮राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय बनाया जाएगा और राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय का प्रस्ताव, विदेश में शिक्षकों, नर्सों, चिकित्सा सहायक कर्मचारियों के कौशल को बेहतर किए जाने की जरूरत

🚇तेजस की तरह और रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड ट्रेन का काम आगे बढ़ाया जाएगा. बेंगलुरू उप-नगरीय रेलगाड़ी परियोजना में केंद्र सरकार 20 प्रतिशत शेयर पूंजी लगाएगी. पीपीपी मॉडल की तरह 150 नई ट्रेनें चलाई जाएंगी।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 355

दिनांक - 06.02.2020 दिन - गुरुवार

◆भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की सीरीज का पहला वनडे आज यानी 5 फरवरी 2020 को हैमिल्टन के सेडान पार्क में खेला गया। इसमें न्यूजीलैंड की टीम ने 4 विकेट से शानदार जीत हासिल की। भारत 347 रन बनाकर भी हार गया। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

◆भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को सेमीफाइनल में 10 विकेट से रौंदकर मंगलवार को अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने सेंचुरी (105*) जड़ी और दिव्यांश सक्सेना ने भी नाबाद 59 रनों की पारी खेली।भारतीय टीम लगातार तीसरी बार अंडर-19 वर्ल्ड के फाइनल में पहुंची है। भारतीय गेंदबाजों ने पहले पाकिस्तान को 172 रनों पर समेट दिया। इसके बाद सिर्फ 35.2 ओवर में ही 176 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।6 फरवरी को न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल 9 फरवरी को होगा।

◆भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को हाल ही में 'एशिया पेसिफिक सेंट्रल बैंकर ऑफ दी ईयर' चुना गया है. यह चुनाव 'दी बैंकर' मैग्जीन द्वारा किया गया है. यह मैग्जीन फाइनेंशियल टाइम्स का एक यूनिट है. यह सम्मान शक्तिकांत दास को नॉन परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए), फ्रॉड, अर्थव्यवस्था में सुस्ती की वजह से चुनौती से निपट रहे भारतीय बैंकिंग सेक्टर के उचित प्रबंधन हेतु दिया गया है.यह वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर के रूप में कार्यरत है.

◆विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा विश्व कैंसर दिवस (04 फरवरी) पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार 2040 तक कैंसर के मामले 81 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, रोकथाम और देखभाल में निवेश की कमी के कारण ऐसा होगा. डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैंसर के मामलों में तंबाकू सबसे बड़ा कारण है.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 356

दिनांक - 07.02.2020 दिन - शुक्रवार

❖साउथ अफ्रीका में खेले जा रहे अंडर 19 विश्व कप 2020 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश अंडर 19 टीम ने न्यूजीलैंड अंडर 19 टीम को 6 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब बांग्लादेश को खिताब के लिए फाइनल में भारत के साथ मुकाबला करना होगा। बांग्लादेश की टीम ने पहली बार अंडर 19 विश्व कप टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत और बांग्लादेश के बीच फाइनल मुकाबला 9 फरवरी को खेला जाएगा।

❖कर्नाटक सरकार ने हाल ही में 'जनसेवक' नामक योजना की घोषणा की है, इस योजना के तहत नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं की होम डिलीवरी की जायेगी। इस योजना के तहत लोगों को राशन कार्ड, वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र तथा स्वास्थ्य कार्ड घर तक पहुंचा दिए जायेंगे।

❖हाल ही में नॉर्वे और भारत ने उच्च शिक्षा तथा अनुसन्धान के क्षेत्र समझौतों पर हस्ताक्षर किये। इसमें दिल्ली तथा आर्कटिक यूनिवर्सिटी ऑफ़ नॉर्वे के बीच समझौता प्रमुख है, यह समझौता बायो-फोटोनिक्स, स्वास्थ्य व निदान उपकरण तथा नैनोटेक्नोलाजी के क्षेत्र में सहयोग के लिए किये गये हैं।

❖अभिनेत्री वहीदा रहमान को हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2018 के लिए किशोर कुमार सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2019 के लिए फिल्म निर्देशक प्रियदर्शन को किशोर कुमार सम्मान प्रदान किया गया है।

❖प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 11वें DefExpo (रक्षा प्रदर्शनी) का उद्घाटन 5 फरवरी, 2020 को लखनऊ में किया। इस चार दिवसीय इवेंट में भारतीय रक्षा उद्योग को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, इससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। DefExpo India – 2020 की थीम "भारत – रक्षा विनिर्माण का उभरता हुआ हब" है। इस प्रदर्शनी का फोकस रक्षा क्षेत्र का डिजिटल परिवर्तन है। इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश को रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए उपयुक्त स्थान के रूप में प्रस्तुत किया जायेगा।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 357



दिनांक - 08.02.2020 दिन - शनिवार

❖दिल्ली चुनाव में इस बार किसका पलड़ा भारी रहेगा इसपर सबकी नजरें टिकी हैं। 6 फरवरी को प्रचार खत्म हो गया और 8 फरवरी को मतदान होना है।

❖Public Safety Act, सार्वजनिक सुरक्षा का हवाला देते हुए किसी भी व्यक्ति को दो साल तक बिना मुकदमे गिरफ्तारी या नजरबंदी की अनुमति देता है. पिछले साल उमर अब्दुल्ला के पिता फारुख अब्दुल्ला को इस एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया था.हिरासत में लिए गए व्यक्ति को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करना होता है. अधिनियम की धारा-22 लोगों के हित में की गई कार्रवाई हेतु सुरक्षा प्रदान करती है. यह कानून जम्मू कश्मीर में पहली बार तत्कालीन मुख्यमंत्री शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने साल 1978 में लागू किया था.

❖राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने डॉ. एन.एस. धर्मशक्तु को व्यक्तिगत श्रेणी तथा कुष्ठरोग मिशन ट्रस्ट को संस्थागत श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया.यह पुरस्कार कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने में व्यक्तियों तथा संस्थाओं के सराहनीय योगदान को मान्यता देता है. यह पुरस्कार हरेक दूसरे साल कुष्ठ रोग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने हेतु व्यक्तियों तथा संस्थाओं को दिया जाता है.

❖बौद्धिक संपदा सूचकांक में भारत 40वें स्थान पर है और अमेरिका पहले स्थान पर है। अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक ने यह सूचकांक 45 संकेतकों पर तैयार किया है.

❖मीडिया रिपोर्ट के जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या लगभग 636 हो गई है. वहीं, इस विषाणु से संक्रमित होने से अब तक लगभग 30 हजार से ज्यादा मामलों की पुष्टि हुई है.डब्ल्यूएचओ ने चीन में फैले इस वायरस को अंतर्राष्ट्रीय आपात स्थिति घोषित कर दिया है. इस वायरस से सर्वाधिक लोगों की मौत हुबेई प्रांत में हुई है. यह संक्रमण विश्वभर में फैल गया है. कोरोना वायरस ने बिहार में भी दस्तक दे दी है.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 358

दिनांक - 09.02.2020 दिन - रविवार

❖दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए शनिवार को वोटिंग हुई. दिल्ली विधानसभा चुनावों में 57.06 प्रतिशत वोटिंग हुई। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर किए गए एग्जिट पोल के अंतिम नतीजे सामने आ चुके हैं. एग्जिट पोल के परिणाम बता रहे हैं कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार सत्ता में प्रचंड बहुमत के साथ वापस आ सकती है. एग्जिट पोल के अंतिम परिणाम बताते हैं कि आप को 59 से 68 सीटों पर जीत हासिल हो सकती है. जबकि बीजेपी को 2 से 11 सीटें मिलने का अनुमान है. चुनाव के नतीजे 11 फरवरी को आएंगे.

❖भारतीय टीम को तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में शनिवार को न्यूजीलैंड ने 22 रनों से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

❖क्रिस्टीना कुक ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) में करीब 11 महीने बिताए और अमरिका में किसी महिला का यह सबसे लंबा अंतरिक्ष मिशन था. कुक अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक 9 बजकर 12 मिनट पर पृथ्वी पर सुरक्षित उतर गईं. उन्होंने वहां करीब 328 दिन बिताए.

❖11वें DefExpo के दौरान लखनऊ में भारत-अफ्रीका के रक्षामंत्रियों की पहली बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में लखनऊ डिक्लेरेशन को अंगीकृत किया गया।

❖लखनऊ में पांचवें भारत-रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका आयोजन DefExpo के साथ किया गया। इस दौरान रूस और भारत की कंपनियों के बीच 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। इसमें राडार सिस्टम, रक्षा उपकरण, ASW राकेट लांचर, 3डी मॉडलिंग इत्यादि शामिल हैं। इसमें प्रमुख समझौते BHEL, भारत डायनामिक्स लिमिटेड और विस्टा कण्ट्रोल के बीच किये गये।

❖केरल के कोच्ची शहर में 12 वर्ष के बाद भारतीय अंतर्राष्ट्रीय सी फूड शो का आयोजन किया जा रहा है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 359

दिनांक - 10.02.2020 दिन - सोमवार

❖चुनाव आयोग की ओर से रविवार शाम को हुई प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि इस बार दिल्ली में 62.59 फीसदी वोटिंग हुई है। कुल वोटिंग में 62.55 महिलाओं और 62.62 पुरुषों ने वोट डाला। चुनाव आयोग ने कहा है कि हर बूथ से वोटिंग की डिटेल जुटाए जाने के बाद फाइनल आंकड़ा जारी किया गया है।

❖जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग, सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग का नाम बदलकर 'जल शक्ति विभाग' रखा गया है। यह कार्य लेफ्टिनेंट जनरल जी.सी. मुर्मू की अध्यक्षता में प्रशासनिक परिषद द्वारा किया गया। प्रशासनिक परिषद् ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन को मंज़ूरी दी है, इसके तहत जम्मू-कश्मीर में दिसम्बर, 2021 तक सभी घरों को पाइप के द्वारा पेयजल द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए मिशन निदेशालय की स्थापना की जायेगी। इस योजना के शुरूआती चरण में जून, 2020 तक जम्मू-कश्मीर के सात जिलों में पाइप द्वारा 100% पेयजल की आपूर्ति की जायेगी।

❖भारत की एक निजी फर्म JSR डायनामिक्स ने DefExpo में 'खगान्तक' नामक स्वदेशी मिसाइल को प्रदर्शित किया है, यह मिसाइल हवा से ज़मीन पर हमला कर सकती है। इस मिसाइल की मारक रेंज 180 किलोमीटर है। इस मिसाइल का उपयोग एक गाइडेड वेपन के रूप में किया जा सकता है, इसमें अपने लक्ष्य को पहचानने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया गया है।

❖आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने राजामहेन्द्रवरम शहर में देश के पहले दिशा पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया। इस नए दिसा पुलिस स्टेशन में मोबाइल किट, चिकित्सा और वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करने के लिए एक परामर्शदाता, और स्टेशन पर आने वाले पीड़ितों की मदद करने के लिए देख-भाल करने वाले कर्मी उपलब्ध होंगे।



मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 360

दिनांक - 11.02.2020 दिन - मंगलवार

❖बांग्लादेश ने अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में इंडिया को तीन विकेट से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया है. चार बार (2000,2006,2012,2018)की चैंपियन टीम इंडिया ने फाइनल मैच में बेहद औसत प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश के सामने महज 178 रन का लक्ष्य रखा था.

❖मध्य प्रदेश सरकार ने गाँवों की मैपिंग करने के लिए राज्य में ड्रोन लगाने का फैसला किया है।

❖भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payments Corporation of India) ने इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप को इसके 10 मिलियन यूजर्स के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) सेवाओं का विस्तार करने की मंजूरी दे दी है।

❖सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमला मंदिर में आभूषणों की सूची और मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करने के लिए केरल के उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी॰ एन॰ रामचंद्रन नायर को नियुक्त किया है।

❖विश्व बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री पिनलोपी कॉजियानौ गोल्डबर्ग (Pinelopi Koujianou Goldberg) ने अपने इस्तीफे की घोषणा की हैं।

❖भारतीय सेना ने दुनिया का पहला बुलेटप्रूफ हेलमेट विकसित किया है जिसे 10 मीटर की दूरी से चलाई गई AK-47 की बुलेट भी भेद नहीं सकती। बैलिस्टिक हेलमेट भारतीय सेना के मेजर अनूप मिश्रा द्वारा विकसित किया गया है। हेलमेट का निर्माण भारतीय सेना की परियोजना "अभय" के तहत किया गया है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 361



दिनांक - 12.02.2020 दिन - बुधवार

❖चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 70 सीटों पर परिणाम घोषित। आम आदमी पार्टी 62 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है। भाजपा 8 सीटों पर विजयी हुई।

❖न्यूजीलैंड ने भारत को वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। भारत चौथी बार वनडे में 3 या इससे ज्यादा मैच की द्विपक्षीय सीरीज में क्लीन स्वीप हुआ है। इससे पहले पिछली बार 1988-89 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 5-0 और 1983-84 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 5-0 से हारा था।2006-07 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 वनडे की सीरीज में 4-0 से हारा था, लेकिन उसमें एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।कोहली की कप्तानी में पहली बार भारत का क्लीन स्वीप हुआ है। हेनरी निकोल्स को मैन ऑफ द मैच औररॉस टेलर को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। टेलर ने 3 मैच में 194 रन बनाए।

❖हिंदी के प्रसिद्ध उपन्यासकार कथाकार, नाटककार और आलोचक गिरिराज किशोर ने 83 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया. अपने लोकप्रिय उपन्यासों जैसे'ढाई घर' और 'पहला गिरमिटिया' आदि के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा.

❖हरियाणा के भिवानी जिले में पांच हजार साल पुरानी हड़प्पा कालीन सभ्यता के अवशेष भूमि की खुदाई के दौरान मिले हैं।

❖केरल सरकार ने रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध करवाने के लिए 'कुदुम्बश्री' होटल स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा राज्य के बजट के दौरान की गयी। इन होटलों की स्थापना 1034 स्थानीय निकायों में की जायेगी। इन होटलों में 25 रुपये में भोजन उपलब्ध होगा।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 362

दिनांक - 13.02.2020 दिन - गुरुवार



❖भारत में 17 फरवरी, 2020 से 22 फरवरी, 2020 के बीच 13वें संयुक्त राष्ट्र प्रवासी पक्षी प्रजाति संरक्षण सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

❖अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम, 1989 का उद्देश्य अनुसूचित समुदायों के उत्पीड़न को रोकना है। मार्च 2018 में सर्वोच्च न्यायालय की रूलिंग में इस मूल अधिनियम को कम प्रभावशाली कर दिया, इसके तहत उत्पीड़न के आरोपी के लिए अग्रिम जमानत की व्यवस्था की गयी। इसके बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके परिणामस्वरूप अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) संशोधन अधिनियम, 2018 पारित किया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस संशोधन की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

❖हाल ही में 'अमेरिकन फैक्ट्री' ने बेस्ट फीचर-लेंथ डाक्यूमेंट्री में ऑस्कर पुरस्कार जीता। यह बराक और मिशेल ओबामा की प्रोडक्शन कम्पनी 'हायर ग्राउंड' के द्वारा रिलीज़ की गयी पहली डाक्यूमेंट्री है। इस डाक्यूमेंट्री को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ किया गया था। यह डाक्यूमेंट्री ओहियो में शीशे की फैक्ट्री के बारे में है जिसे चीनी निवेशक द्वारा चलाया जाता है। इस डाक्यूमेंट्री में कामगारों के अधिकार, वैश्वीकरण और ऑटोमेशन इत्यादि मुद्दों पर फोकस किया गया है।

❖13वें संयुक्त राष्ट्र प्रवासी पक्षी प्रजाति संरक्षण सम्मेलन का आयोजन गुजरात के गांधीनगर में किया जायेगा। भारत को अगले तीन वर्ष के लिए इस कांफ्रेंस का अध्यक्ष चुना गया है। इस सम्मेलन में 130 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन के लिए ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोदावण) को शुभंकर बनाया गया है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 363

दिनांक - 14.02.2020 दिन - शुक्रवार



❖जाने माने पर्यावरणविद और द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टेरी) के संस्थापक और पूर्व प्रमुख डॉ राजेंद्र के पचौरी का निधन हो गया हैं. वो 79 साल के थे.पचौरी लंबे वक्त से दिल की बीमारी से पीड़ित थे और दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे. हाल ही में उनकी ओपन हार्ट सर्जरी भी हुई थी.पचौरी 2002 से 2015 तक संयुक्त राष्ट्र इंटरगवर्मेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) के चेयरमैन रहे. उनके कार्यकाल दौरान आईपीसीसी और पूर्व अमरीकी उप राष्ट्रपति अल गोर को नोबेल शांति पुरस्कार से नवाज़ा गया था.

❖कोरोनावायरस (Coronavirus) की वजह से पूरी दुनिया में अब तक 43,098 लोग संक्रमित हो चुके हैं. जबकि, 1,018 लोगों की मौत हो चुकी है. कुल बीमार लोगों में से 40,171 संक्रमित लोग सिर्फ चीन में है. चीन में ही अब तक कुल 908 लोगों की मौत हो चुकी है. अब एक बड़ा खुलासा ये हो रहा है कि चीन की सरकार मरने वालों की संख्या छिपाने के लिए बड़ी संख्या में शवों को जला रही है. दुनियाभर के वैज्ञानिकों का मानना है कि इतनी ज्यादा मात्रा में सल्फर डाइऑक्साइड गैस (Sulphur dioxide Gas) तभी निकलती है जब या तो कोई मेडिकल वेस्ट जलाया जा रहा हो. या फिर लोगों के शव जलाए जा रहे हो. अमेरिका के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक शवों को जलाने पर सल्फर गैस के अलावा पैरा-डाईऑक्सिन और हाइड्रोक्लोरिक एसिड जैसे केमिकल भी निकलते हैं.❖विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने कोरोना वायरस को अंतरराष्ट्रीय जन-स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 364

दिनांक - 15.02.2020 दिन - शनिवार

❖ तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने हाल ही में हैदराबाद और सिकंदराबाद के बीच हैदराबाद मेट्रो के हिस्से का उद्घाटन किया। इसके साथ हैदराबाद मेट्रो देश की दूसरी सबसे बड़ी ऑपरेशनल मेट्रो बन गयी है। भारत का सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क दिल्ली मेट्रो रेल है। हैदराबाद मेट्रो परियोजना की कुल लागत 20,000 करोड़ रूपए है, इसका निर्माण लार्सन एंड टुब्रो द्वारा किया जा रहा है।

❖ भारतीय थलसेना के मेजर अनूप मिश्रा को स्नाइपर बुलेट्स के विरुद्ध बुलेटप्रूफ जैकेट के निर्माण करने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्होंने एक हेलमेट का निर्माण किया है, यह हेलमेट 10 मीटर की दूरी से AK-47 की गोली को रोकने में सक्षम है। इसके अलावा थलसेना के कॉलेज ऑफ़ मिलिट्री इंजीनियरिंग ने एक निजी फर्म के साथ मिलकर भारत के प्रथम और विश्व के सबसे सस्ते गनशॉट लोकेटर 'पार्थ' का निर्माण किया है। यह गनशॉट लोकेटर 400 मीटर की दूसरी से गोलीबारी का पता लगा सकता है।

❖ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हाल ही में मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना लांच की है। इस योजना के तहत राज्य के ज़रूरतमंद परिवारों को 6000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। इस योजना का लाभ उन परिवारों को होगा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपये तक है और जिनके पास 5 एकड़ से कम भूमि है। इसके तहत केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं, पेंशन योजना तथा फसल बीमा योजना का प्रीमियम खाते से अपने आप ही कट जाएगा।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 365



दिनांक - 16.02.2020 दिन - रविवार

❖अरुण-III नेपाल की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना है। इस 900 मेगावाट की परियोजना का निर्माण नेपाल में 1.04 मिलियन डॉलर की लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना को भारत की वित्तीय सहायता से निर्मित किया जाएगा, इसे पांच वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा। इसका निर्माण भारत सरकार व हिमाचल प्रदेश सरकार की सतलुज जल विद्युत निगम अरुण-III पॉवर डेवलपमेंट कंपनी के जॉइंट वेंचर द्वारा किया जा रहा है।

❖39 वर्ष के ऋषि सुनक यॉर्कशायर के रिचमंड से सांसद हैं, उन्हें यूनाइटेड किंगडम का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया गया है। यह प्रधानमंत्री के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद है। उन्होंने साजिद जाविद का स्थान लिया है। राजनीती में जुड़ने से पहले ऋषि सुनक गोल्डमैन साक्स में कार्य करते थे।

❖पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सौसा हाल ही में भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आये हैं। वे 2016 से पुर्तगाल के राष्ट्रपति हैं। यह उनकी प्रथम भारत यात्रा है। उनकी इस भारत यात्रा के दौरान रक्षा, परिवहन, बौद्धिक संपदा अधिकार तथा योग इत्यादि क्षेत्रों में 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।

❖13 फरवरी, 2020 को केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में नशीली दवाओं के तस्करी पर रोक लगाने के लिए बिम्सटेक देशों के सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो द्वारा किया जा रहा है। इस सम्मेलन में बांग्लादेश, म्यांमार, भूटान, नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रभावित क्षेत्रों में नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर रोक लगाना है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 366

दिनांक - 17.02.2020 दिन - सोमवार



❖वन्यजीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण (Conservation of Migratory Species of Wild Animals- CMS) पर 13वें COP (Conference of Parties) की मेज़बानी भारत करेगा।इस सम्मेलन में एशियाई हाथी (Asian Elephant) और ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (Great Indian Bustard) को वैश्विक संरक्षण सूची में शामिल किया जाएगा।इस सम्मेलन का आयोजन गुजरात के गांधीनगर में 17-22 फरवरी, 2020 तक किया जाएगा।भारत को अगले तीन वर्षों के लिये कान्फ्रेंस आफ पार्टीज़ (COP) का अध्यक्ष नामित किया गया है।

❖महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिये आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम् शहर में पहले दिशा पुलिस स्टेशन (Disha Police Station) की स्थापना की गई।इस पुलिस स्टेशन की स्थापना आंध्र प्रदेश आपराधिक कानून (संशोधन) बिल, 2019 (Andhra Pradesh Criminal Law (Amendment) Bill, 2019) के तहत की गई है। इसे 'दिशा एक्ट' के रूप में भी जाना जाता है। इस मसौदा कानून पर अभी राष्ट्रपति की सहमति मिलनी शेष है। इस एक्ट की धारा 354 F के अनुसार, बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामलों में 10-14 वर्ष तक की सज़ा का प्रावधान है।इसके अंतर्गत अपराध से संबंधित पूरी जाँच को 7 दिनों के भीतर और अदालती ट्रायल को 14 दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा।'दिशा' नाम 26 वर्षीय महिला पशुचिकित्सक को दिया गया एक प्रतीकात्मक नाम है जिसकी 27 नवंबर को हैदराबाद में बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी गई थी। इसी के साथ एक मोबाइल एप्लीकेशन दिशा एप (Disha App) भी लॉन्च किया गया है। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति यदि वह फोन को ऑपरेट नहीं कर सकता है तो संकट की स्थिति में सिर्फ अपने फोन को हिलाकर चेतावनी दे सकता है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 367

दिनांक - 18.02.2020 दिन - मंगलवार

❖ग्रैंड मास्टर कोनेरू हम्पी ने केयर्न्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। अमरीका के सेंट लुई में नौंवे और फाइनल दौर के मुकाबले में हम्पी और ग्रैंड मास्टर्स द्रोणावल्ली हरिका के बीच मुकाबला ड्रा रहा।

❖हरियाणा सरकार ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले राज्य के खिलाडियों को छह-छह करोड़ रूपये देने की घोषणा की. हरियाणा के मुख्यमंत्री ने बताया कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वालों को तीन करोड़ रूपये और राष्ट्रमंडल खेलों में यही पदक जीतने वाले खिलाडियों को डेढ़ करोड़ रूपए दिए जाएंगे.हरियाणा सरकार नें बताया कि ओलम्पिक खेलों में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रूपए दिए जाएंगे ताकि वे राज्य और देश का गौरव बढ़ाएं. ओलम्पिक खेल प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल से आयोजित किये जाते हैं. ओलम्पिक खेलों का आयोजन अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति करती है.

❖प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने 17 फरवरी 2020 को कहा है कि नौसेना की पूर्वी और पश्चिमी कमान को लेकर पेनिन्सुला कमान बनाने की योजना है. इस संयुक्त कमांड के साथ ही जम्मू-कश्मीर हेतु थिएटर कमांड का गठन भी किया जाएगा.

❖मुंबई और पुणे के बीच 14 फरवरी 2020 को पहली इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की गयी. केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन किया. इस बस में 43 लोगों के बैठने का स्थान है.यह बस एक बार चार्ज करने पर लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है. भारत सरकार इस प्रकार की बस सेवा महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी शुरू करेगी. इस बस को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत चलाया जायेगा.

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



सामयिकी कोना , अंक - 368

दिनांक - 19.02.2020 दिन - बुधवार

## उत्तर प्रदेश बजट 2020-21 भाग-1

उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में अपना चौथा बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने5 लाख 12 हजार 860 करोड़ का बजट पेश किया, इसमें 10 हजार 967 करोड़ की नई योजनाएं शामिल हैं। बजट में किसी भी प्रकार का नया टैक्स नहीं लगाया गया है। बजट में छह नई यूनिवर्सिटी और 18 अटल आवासीय विद्यालयों की घोषणा की गई। वित्तमंत्री ने कहा-सहारनपुर, आजमगढ़ व अलीगढ़ में तीन राज्य विश्वविद्यालय बनाए जाएंगे। इसके अलावा पुलिस फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी भी बनेगी। प्रयागराज में विधि विश्वविद्यालय और गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। इसके अलावा राज्य के 18 मण्डलों में अटल आवासीय स्कूल शुरू किए जाएंगे। पूर्वांचल विकास निधि के लिए 300 करोड़ रुपये और बुंदेलखंड विकास निधि के लिए 210 करोड़ रुपये भी मंजूर किए हैं।वित्तमंत्री सुरेश खन्ना बोले- 2017-18 का बजट किसानों को समर्पित था। 2018-19 का बजट औद्योगिक विकास व 2019-20 का बजट महिला सशक्तीकरण करने वाला था। 2020-21 का बजट युवाओं की शिक्षा, संवर्धन और रोजगार को समर्पित है।प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना और युवा उद्यमिता विकास अभियान योजना को शुरू करने का निर्णय लिया गया है। युवाओं को उद्योगों में प्रशिक्षण के साथ-साथ मासिक प्रशिक्षण भत्ता दिया जाएगा। कुल भत्ते में 1500 रुपए प्रतिमाह की धनराशि केंद्र सरकार द्वारा, एक हजार रुपए प्रतिमाह राज्य सरकार द्वारा व शेष राशि संबंधित उद्योग द्वारा दी जाएगी। इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



सामयिकी कोना , अंक - 369

दिनांक - 20.02.2020 दिन - गुरुवार

## उत्तर प्रदेश बजट 2020-21 भाग-2

प्रदेश के हर जिले में युवा हब बनेगा,जो युवाओं को परियोजना, परिकल्पना से लेकर एक वर्ष तक परियोजनाओं को वित्तीय मदद के साथ संचालन में सहायता प्रदान करेगा। एक हजार 200 करोड़ रुपए की धनराशि, जो युवाओं के लिए विभिन्न रोजगार में खर्च होनी है, इसी युवा हब के माध्यम से की जाएगी। इस योजना से एक लाख युवाओं को स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य है।हर जिले में युवा हब की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

सहारनपुर, अलीगढ़, आजमगढ़ में 3 नए राज्य विश्वविद्यालय

प्रदेश में पुलिस फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी की स्थापना प्रस्तावित

प्रयागराज मेला यूनिवर्सिटी,

गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय

अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 650 करोड़ रुपए और आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 600 करोड़ रुपए

नवसृजित जिलों में आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 300 करोड़ रुपए

पुलिस बल आधुनिकीकरएण योजना के लिए 122 करोड़ रुपए

विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं के निर्माण के लिए 60 करोड़

सेफ सिटी लखनऊ योजना के लिए 97 करोड़

उत्तर प्रदेश पुलिस फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए 20 करोड़

ड्यूटी के दौरान शहीद या घायल हुए पुलिस एवं अग्निशमन सेवा के कर्मियों के परिवारों को 27 करोड़ रुपए

अयोध्या में उच्च स्तरीय पर्यटक अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 85 करोड़ की व्यवस्था

तुलसी स्मारक भवन के लिए 10 करोड़ की व्यवस्था

वाराणसी में संस्कृति केंद्र की स्थापना के लिए 180 करोड़ की व्यवस्था

मिहिर यादव



मिशन शिक्षण संवाद

मिशन शिक्षण संवाद



सामयिकी कोना , अंक - 370

दिनांक - 21.02.2020 दिन - शुक्रवार

## उत्तर प्रदेश बजट 2020-21 भाग-3 अन्तिम

वृद्धावस्था / किसान पेंशन योजना हेतु 1 हज़ार 459 करोड़ रुपए की व्यवस्था राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए 1 हज़ार 251 करोड़ रुपए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए 500 करोड़ रुपए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए 250 करोड़ रुपए पिछड़े वर्ग के छात्र छात्राओं हेतु छात्रवृतत्ति योजना के लिए 1 हज़ार 375 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के लिए 783 करोड़ रुपए मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए 479 करोड़ रुपए पॉस्को एक्ट में न्याय दिलाने के लिए 218 न्यायालय गठित किए गए अब तक स्थापित महिलाओं के विरुद्ध अपराधिक कोर्ट की संख्या 81 है अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की 25 कोर्ट तथा 13 कॉमर्शियल कोर्ट की स्थापना कराई गई निर्वाचित सांसदों विधायकों के लंबित आपराधिक वादों के लिए एक स्पेशल कोर्ट गठन किया गया 24 स्थाई लोक अदालत तथा 75 मोटर एक्सीडेंट क्लेम स्थापित किया गया है दिव्यांग पेंशन योजना के लिए 621 करोड़ रुपए ग्रामीण मार्गों के निर्माण हेतु 2 हजार 305 करोड़ रुपए, राज्य सड़क निधि हेतु 1 हजार 500 करोड़ विश्व बैंक की सहायता से प्रस्तावित उत्तर प्रदेश कोर रोड नेटवर्क परियोजना के लिए 830 करोड़ रुपए पूर्वांचल निधि के लिए 300 करोड़ , बुंदेलखंड निधि के लिए 210 करोड़ रुपए की व्यवस्था दिल्ली से मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का कार्य प्रगति में है, इसके लिए 900 करोड़ रुपए की व्यवस्था कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के लिए 358 करोड़ रुपए की व्यवस्था आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए 286 करोड़ रुपए की व्यवस्था राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल की स्थापना हेतु 50 करोड़ की व्यवस्था

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 371



दिनांक - 22.02.2020 दिन - शनिवार

❖केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (Ministry of Women and Child Development- MoWCD) और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (Ministry of Food Processing Industries- MoFPI) द्वारा 21-23 फरवरी, 2020 के बीच नई दिल्ली में आयोजित होने वाले पहले राष्ट्रीय जैविक खाद्य महोत्सव (National Organic Food Festival) की मेज़बानी की जा रही है।इसका उद्देश्य जैविक बाज़ार को मज़बूत करना और जैविक उत्पादों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना है।थीम:भारत की जैविक बाज़ार क्षमता को उन्मुक्त करना.

❖'गली बॉय' फिल्म ने 13 फिल्मफेयर अवार्ड अपने नाम किया। इस फिल्म को 13 श्रेणियों में नामित किया गया था, इस फिल्म ने इन सभी 13 श्रेणियों में अवार्ड जीते। इससे पहले 'ब्लैक' फिल्म ने 11 फिल्मफेयर अवार्ड जीते थे। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (रणवीर सिंह), सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (आलिया भट्ट) इत्यादि का पुरस्कार जीता।

❖तेलंगाना सरकार हैदराबाद में 17-19 फरवरी, 2020 के दौरान बायो-एशिया शिखर सम्मेलन 2020 का आयोजन किया गया। इस शिखर सम्मेलन में जीव विज्ञान कंपनियों तथा उनके निवेश की क्षमताओं पर फोकस किया गया।थीम 'Today for Tomorrow' थी।

❖उत्तर प्रदेश में सोना का एक बड़ा भंडार मिला है. सोनभद्र की पहाड़ियों में 3 हजार टन सोने का भंडार मिला है. इसकी पुष्टि हो चुकी है।

❖CUT...COPY..PASTE कमांड की खोज करने वाले कंप्यूटर साइंटिस लैरी टेस्लर (Larry Tesler)का 74 साल की उम्र में बीते सोमवार को निधन हो गया है।

मिहिर यादव

# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 372

दिनांक - 23.02.2020 दिन - रविवार

❖सितम्बर, 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनावों के परिणाम की घोषणा हाल ही में अफ़ग़ानिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा की गयी।अशरफ गनी 50.64% वोट पाकर राष्ट्रपति चुने गए।

❖यूनाइटेड किंगडम की गृह सचिव प्रीती पटेल ने हाल ही में देश में पॉइंट बेस्ड इमीग्रेशन शुरू करने की घोषणा की है। इस सिस्टम के तहत उन लोगों को वीजा दिया जाएगा जिनके पास जरूरी अंक होंगे। इस नई प्रणाली का उद्देश्य उच्च कौशल युक्त लोगों को देश में आकर्षित करना है। यह नई प्रणाली संभवत 1 जनवरी, 2021 से लागू होगी।

❖भारत और बांग्लादेश के बीच 3 फरवरी से 16 फरवरी, 2020 के बीच "सम्प्रीती" युद्ध अभ्यास का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का आयोजन मेघालय के उमरोई में किया गया।

❖जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2021 का आयोजन भारत में किया जाएगा जबकि महिला जूनियर विश्व कप का आयोजन दक्षिण अफ्रीका के पोत्शेफस्त्रूम में किया जाएगा। इस वर्ष कॉन्टिनेंटल क्वालीफ़ायर मैचों का आयोजन किया जाएगा।

❖मनोहर पर्रिकर 2014 से 2017 के बीच देश के रक्षा मंत्री रहे। हाल ही में रक्षा व विश्लेषण संस्थान (IDSA) का नाम बदलकर मनोहर मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन संस्थान रखा गया है। IDSA की स्थापना 1965 में की गयी थी। इसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना है।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

**सामयिकी कोना , अंक - 373**

**दिनांक - 24.02.2020** **दिन - सोमवार**



❖हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), यूनिसेफ और लैंसेट जर्नल द्वारा 'ए फ्यूचर फॉर द वर्ल्ड्स चिल्ड्रेन' नामक एक रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट में एक नया सूचकांक 'ग्लोबल फ्लोरिशिंग इंडेक्स' (Global Flourishing Index) शामिल किया गया है, जिसमें देशों की तुलना बच्चों के जन्म और कल्याण के उपायों के आधार पर की गई है। इस सूचकांक के लिए कुल 180 देशों का मूल्यांकन किया गया, भारत को फ्लोरिशिंग इंडेक्स (Flourishing Index) में 131वीं रैंक और सतत सूचकांक (Sustainable Index) में 77वीं रैंक प्राप्त हुई है।

❖तेलंगाना सरकार ने बायोएशिया 2020-बायोटेक और लाइफ साइंसेज फोरम के दौरान MedTechConnect के साथ मिलकर" प्रोजेक्ट तेज "लॉन्च किया है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य उद्यमियों को चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अपने विचारों का परीक्षण करने में मदद करने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाना है।

❖संस्थानों के कुल अनुसंधान उत्पादन पर आधारित 'नेचर रैंकिंग इंडेक्स -2020' के अनुसार, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) को देश में पहले स्थान पर रखा गया है।

❖खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री रामविलास पासवान ने हाल ही में घोषणा की है कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 को लागू करने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) बनाया जाएगा। इस प्राधिकरण की स्थापना इस वर्ष अप्रैल के पहले सप्ताह तक की जाएगी।

मिहिर यादव





मिशन शिक्षण संवाद
सामयिकी कोना , अंक - 374
दिनांक - 25.02.2020 दिन - मंगलवार

❖हरियाणा के राज्यपाल ने राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दौरान घोषणा की कि हरियाणा सरकार राज्य के सभी बाजारों और चीनी मिलों में अटल किसान – मजदूर कैंटीन खोलेगी। इस कैंटीन में किसानों और मजदूरों को प्रति प्लेट 10 रुपये में सस्ता भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा। राज्य में इस प्रकार की लगभग 25 ऐसी कैंटीन स्थापित की जाएंगी।

❖श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन (Shyama Prasad Mujherji Rurban Mission) की चौथी वर्षगांठ 21 फरवरी, 2020 को मनाई गई। इसे 21 फरवरी, 2016 को लॉन्च किया गया था। इस मिशन का उद्देश्य स्थानीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना तथा सुनियोजित रूर्बन (Rural-Urban) क्षेत्र का निर्माण करना है.

❖नई दिल्ली में 21 फरवरी से 23 फरवरी, 2020 के दौरान राष्ट्रीय जैविक भोजन उत्सव (National Organic Food Festival) का आयोजन किया गया। यह इस प्रकार का पहला उत्सव है, इसमें लगभग 150 महिला उद्यमी हिस्सा लीं।

❖भारत के नए सेना मुख्यालय का नाम 'थल सेना भवन' रखा गया है। हाल ही में, रक्षा मंत्री ने दिल्ली कैंट में नए मुख्यालय की आधारशिला रखी। नए सेना मुख्यालय का निर्माण लगभग 39 एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) का कार्यालय भी इसी भवन में होगा। इस बहुमंजिला इमारत का निर्माण पांच वर्षों में किया जाएगा और इस परिसर में सेना के सभी कार्यालय होंगे।



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 375

दिनांक - 26.02.2020 दिन - बुधवार

❖अमेरिका, चीन को पछाड़ कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। अमेरिका उन चुनिन्दा देशों में से एक है जिनके साथ भारत का व्यापार अधिशेष (trade surplus) है। दूसरी ओर, भारत के पास चीन के साथ एक बड़ा व्यापार घाटा (trade deficit) है। भारत के 2013-14 से लेकर 2017-18 तक चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

❖हाल ही में नई दिल्ली में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2020 का आयोजन के.डी. जाधव इंडोर स्टेडियम, इंदिरा गाँधी एरीना में किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 23 फरवरी के बीच किया गया। कोरोनावायरस के प्रकोप के कारण चीन को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने नही दिया गया। इस प्रतियोगिता में जापान, ईरान, भारत और कजाखस्तान ने सर्वाधिक पदक जीते। जापान ने 8 स्वर्ण पदकों समेत कुल 16 पदक जीते। जबकि भारत ने 5 स्वर्ण पदक समेत कुल 20 पदक जीते।

❖नई दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट ऑडिटोरियम में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन, 2020 का आयोजन किया गया।थीम 'न्यायपालिका और बदलता विश्व' थी।

❖24 फरवरी, 2020 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (PM-Kisan) का एक वर्ष पूरा हो गया है। इस योजना को किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से लांच किया गया था। इस योजना के तहत किसानों को 6,000 रुपये प्रतिवर्ष की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 फरवरी, 2019 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से लांच किया था।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 376

दिनांक - 27.02.2020 दिन - गुरुवार



❖मिस्र में तीन दशक तक शासन करने वाले पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक का निधन हो गया है। वो 91 वर्ष के थे। उनको देश में 18 दिनों तक चले विरोध प्रदर्शनों के बाद 11 फरवरी, 2011 को इस्तीफा देना पड़ा था.

❖भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) पांच मार्च को जीएसएलवी-एफ 10 जियो इमेजिंग सैटेलाइट, जीआईएसएटी -1 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर लॉन्च करेगा।

❖15वें वित्त आयोग ने हाल ही में कृषि निर्यात के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह का गठन किया है। इस समिति के प्रमुख ITC के चेयरमैन संजीव पुरी हैं, यह समिति तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। यह विशेषज्ञ समूह कृषि निर्यातों को बढ़ाने के तरीकों का सुझाव देगा।

❖नीदरलैंड्स के वैज्ञानिकों ने ब्रूनेई को खोजी गयी एक घोंघे की प्रजाति का नाम स्वीडन की जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग के नाम पर रखा है। क्रेसपीडोट्रोपिस ग्रेटाथनबर्गे (Craspedotropis gretathunbergae) भूमि घोंघा की एक नई खोजी गई प्रजाति है। यह घोंघा सूखे, वन क्षरण और तापमान वृद्धि पर संवेदनशील होने के लिए जाना जाता है। यह घोंघे के एक समूह के अंतर्गत आता है, जिसे काइनोगैस्ट्रोपोड्स कहा जाता है।

❖पहले 2022 राष्ट्रमंडल खेलों से निशानेबाजी और तीरंदाजी को हटा दिया गया था। इसके बाद भारत ने खेलों का बहिष्कार करने के निर्णय लिया था। हाल ही में राष्ट्रमंडल खेल संघ ने इन दो खेलों को राष्ट्मंडल खेलों में शामिल करने पर सहमती प्रकट की। जनवरी, 2022 में राष्ट्मंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी का आयोजन चंडीगढ़ में किया जाएगा।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद



## सामयिकी कोना , अंक - 377

दिनांक - 28.02.2020 दिन - शुक्रवार

❖सेंट्रल विस्टा एक महत्वकांक्षी योजना है, इसके तहत एक नये संसद भवन का निर्माण किया जाएगा। सभी केन्द्रीय मंत्रालयों को आसपास ही स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा सेंट्रल विस्टा के आसपास की धरोहर इमारतों पर भी कार्य किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत कुल आठ सरकारी कार्यालय बनाये जायेंगे, इसमें नया संसद भवन, साउथ ब्लॉक के निकट एक आवासीय काम्प्लेक्स निर्मित किया जाएगा, जहाँ पर प्रधानमंत्री व उपराष्ट्रपति का निवास स्थल होगा।

❖मॉरिशस को हाल ही में FATF (Financial Action Task Force) की 'ग्रे लिस्ट' में सूचीबद्ध किया गया है। इससे भारत में मॉरिशस से आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेश पर अनिश्चितता उत्पन्न हो गयी है।

❖बीमा रेगुलेटर IRDAI ने जीवन बीमा कंपनियों के लिए क्षतिपूर्ति आधारित स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की सम्भावना के लिए एक समिति का गठन किया गया। इस 9 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष LIC के चेयरमैन एम.आर. कुमार हैं।

❖एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक ने पहली बार गिफ्ट सिटी के इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज में ग्लोबल सिक्योरिटीज मार्केट में पहली बार मसाला बांड्स को सूचीबद्ध किया है। एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक ने 10 वर्ष के लिए 850 करोड़ रुपये के मसाला बांड्स को सूचीबद्ध किया है। यह बांड्स इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज और लक्समबर्ग में सूचीबद्ध किये गये हैं।

मिहिर यादव



# मिशन शिक्षण संवाद

## सामयिकी कोना , अंक - 378

दिनांक - 29.02.2020 दिन - शनिवार



❖भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई NTPC Limited को टीएचडीसी इंडिया और नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NEEPCO) में सरकार की पूरी हिस्सेदारी के अधिग्रहण की अनुमति दे दी है। एनटीपीसी, NEEPCO के जारी और भुगतान की गई शेयर पूंजी का 100% और टीएचडीसी इंडिया की 74.5% प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा, इसकी शेष हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश सरकार के पास है।

❖दूरसंचार विभाग ने हाल ही में 5G हैकाथॉन लॉन्च की। इस '5G हैकाथॉन' को दूरसंचार विभाग (DoT) ने सरकार, शिक्षाविदों और उद्योग हितधारकों के साथ मिलकर लॉन्च किया है।इस हैकाथॉन में अत्याधुनिक विचारों को शॉर्टलिस्ट किया जायेगा जिन्हें व्यावहारिक 5जी उत्पादों और समाधानों में परिवर्तित किया जा सकता है। इस हैकाथॉन में विभिन्न चरणों के विजेता 2.5 करोड़ रुपये के कुल पुरस्कार पूल को साझा करेंगे।

❖भारत सरकार ने हाल ही में RAISE 2020- 'Responsible AI for Social Empowerment 2020' नामक शिखर सम्मेलन की घोषणा की, इस शिखर सम्मेलन का आयोजन 11-12 अप्रैल को नई दिल्ली में किया जायेगा। RAISE 2020 उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों की साझेदारी में सरकार द्वारा आयोजित किया जाने वाला भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन है। सरकार ने एआई-स्टार्टअप चैलेंज और इवेंट की वेबसाइट भी लॉन्च की है।

मिहिर यादव